कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-23.03.2025

विषयः थाना **बड़ागांव, थाना भेलूपुर, एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान अंतर्जनपदीय चेन स्नैचर विशाल मौर्य को किया गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा, 01 जिंदा कारतूस, 01 अदद खोखा कारतूस (315 बोर), लूट के माल की बिक्री से प्राप्त ₹90,000 नकद एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद।**

बीते दिनों जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हो रही लूट व चेन स्नेचिंग की घटनाओं के मद्देनजर श्रीमान पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा घटनाओं के सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय एवं अपराध/गोमती जोन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। दिनांक 22/23.03.2025 को थाना बड़ागांव, थाना भेलूपुर एवं जनपद की एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना बड़ागांव क्षेत्रांतर्गत दल्लीपुर नहर के पास पुलिस मुठभेड़ के दौरान जनपद वाराणसी के थाना बड़ागांव, थाना मंडुवाडीह, थाना भेलूपुर तथा पड़ोसी जनपदों में चेन स्नेचिंग व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्त विशाल मौर्य पुत्र अखिलेश मौर्य निवासी भोहर चमरहा, थाना चोलापुर, जनपद वाराणसी, उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक सैमसंग मोबाइल, लूट के माल की बिक्री से प्राप्त कुल ₹90,000, 01 देशी तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त काले रंग की बिना नंबर प्लेट की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई। मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगी, जिसे उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 16.03.2025 को खोजवा (थाना भेलूपुर), दिनांक 21.03.2025 को सुबह 10 बजे लहरतारा (थाना मडुवाडीह) और दिनांक 21.03.2025 को ग्राम सिसवा (थाना बड़ागांव) में महिलाओं से तमंचे के बल पर सोने की चेन लूटी। लूटी गई तीनों चेनों को बलराम सेठ (खुशी ज्वैलर्स, चमरहा बाजार, थाना चोलापुर) को ₹90,000 में बेचा, जिसमें सिसवा की चेन के ₹35,000, खोजवा की चेन के ₹30,000 और लहरतारा की चेन के ₹25,000 मिले, जो बरामद किए गए।

घटनाओं में प्रयुक्त काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल (बिना नंबर प्लेट) बरामद हुई, जिसका चेसिस नं. MD2DHDJZZSCH99509, इंजन नं. DJGBSH15497 था। ई-चालान ऐप से जाँच में इसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 32 डीबी 7118 और स्वामी रवि कनौजिया (वाराणसी) पाया गया। अभियुक्त ने स्वीकार किया कि यह मोटरसाइकिल उसकी है और घटनाओं को इसी से अंजाम दिया।

उसने यह भी बताया कि चंदवक, जनपद जौनपुर में एक सप्ताह पहले चेन छीनी थी और बलराम सेठ को बेची। बरामद तमंचे व कारतूस के वैध प्रपत्र नहीं दिखाए और स्वीकार किया कि उसने प्रेमिका के शौक व कर्ज चुकाने के लिए यह रास्ता अपनाया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

विशाल मौर्या पुत्र अखिलेश मौर्या, निवासी भोहर चमरहा, थाना चोलापुर, जनपद वाराणसी उम्र करीब 26 वर्ष

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 113/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बड़ागाँव कमिश्रेट वाराणसी।
- मु0अ0सं0 111/25 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना बड़ागाँव कमि0 वाराणसी।
- मु0अ0सं0 98/25 धारा 304(2)/317(2) भादवि थाना भेलुपुर कमि0 वाराणसी।
- मु0अ0सं0 77/25 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

बरामदगी का विवरण –

थाना भेलूपुर वाराणसी से संबंधित लूट के माल का ₹30,000/-, थाना मडुवाडीह वाराणसी से संबंधित लूट के माल का ₹25,000/-, थाना बड़ागांव वाराणसी से संबंधित लूट के माल का ₹35,000/- एवं घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल बजाज पल्सर काले रंग की बिना नंबर प्लेट (चेसिस संख्या MD2DHDJZZSCH99509, इंजन संख्या DJGBSH15497, रजिस्ट्रेशन संख्या यूपी 32 डीबी 7118), 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर एवं 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

प्र0नि0 अतुल कुमार सिंह, थाना बड़ागांव, कमि0 वाराणसी।
उ0नि0 संदीप पाण्डेय, थाना बड़ागांव, कमि0 वाराणसी।
उ0नि0 पंकज सिंह चौहान, थाना बड़ागांव, कमि0 वाराणसी।
का0 आनन्द सिंह, थाना बड़ागांव, कमि0 वाराणसी।
का0 अभिषेक वर्मा, थाना बड़ागांव, कमि0 वाराणसी।
चालक हे0का0 राकेश सिंह, थाना बड़ागांव, कमि0 वाराणसी। ।

एसओजी पुलिस टीम का विवरणः

उ0नि0 मनीष कुमार मिश्र, एसओजी प्रभारी कमि0 वाराणसी।
हे0का0 प्रमोद सिंह
हे0का0 ब्रह्मदेव सिंह
का0 रमाशंकर यादव
का0 आलोक मौर्या
का0 पवन तिवारी।

थाना भेलूपुर पुलिस टीम का विवरणः

उ0नि शैलेन्द्र प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी रेवड़ी तालाब, थाना भेलुपुर कमि0 वाराणसी।

उ0नि0 जितेन्द्र कुमार, चौकी प्रभारी खोजवा, थाना भेलुपुर कमि0 वाराणसी।
का0 सुमित शाही, थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
का0 सूरज भारती, थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी